# श्याम तेरा शुक्रिया | By Sapna Vishkarma

श्याम श्याम मेरे श्याम श्याम.....

मेरे श्याम तेरी जब से कृपा हुई
है कमल की तरह जिंदगी खिल गई
सांवरे की नजर काम कर ही गई
है कमल की तरह जिंदगी खिल गई

एक छोटी सी दुनिया मेरे सांवरे
तेरे भजनों में रहते हैं वह बावरे
उनपर कृपा सदा अपनी रखना यूं ही
तेरे चरणो से जिंदगी जुड़ गई
मेरे श्याम तेरी जब से कृपा हुई
है कमल की तरह जिंदगी खिल गई

श्याम श्याम मेरे श्याम श्याम.....

यह हंसी मेरे श्याम तेरी देन है
तूने सब कुछ दिया है यह तेरा कर्म है
तेरे उपकार कैसे चुकाऊंगी मैं
डूबी नैया को पतवार हे मिल गई
मेरे श्याम तेरी जब से कृपा हुई
है कमल की तरह जिंदगी खिल गई

श्याम श्याम मेरे श्याम श्याम.....

मेरा सपना सांवरिया साकार किया
तूने अपना बनाया तेरा शुक्रिया
तेरी राहों में राही को ए सांवरे
आते जाते नई जिंदगी मिल गई
मेरे श्याम तेरी जब से कृपा हुई
है कमल की तरह जिंदगी खिल गई
सांवरे की नजर काम कर ही गई
है कमल की तरह जिंदगी खिल गई

श्याम श्याम मेरे श्याम श्याम.....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%b6%e0%a5%81%e0%a4%95%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-by-sapna-vishkarma/